भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 4184 का उत्तर

मिशन रफ्तार

4184. श्री थरानिवेंथन एम. एस.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मिशन रफ्तार के अंतर्गत गति बढ़ाने के लिए चिह्नित किए गए मार्गों का ब्यौरा क्या है और तमिलनाडु सहित उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) उक्त कार्यक्रम के आरंभ होने के बाद से इन मार्गों पर प्राप्त औसत गति में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या रेलगाड़ियों की गति बढ़ाने से पहले व्यापक सुरक्षा जांच की गई थी और यदि हां, तो ऐसे संपरीक्षा के परिणामों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) रेलपथों और संबंधित अवसंरचना की सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों सहित रेलपथों के अनुरक्षण चक्रों पर रेलगाड़ियों की बढ़ी हुई गति के प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्ष 2016-17 के रेल बजट में मिशन रफ्तार की घोषणा की गई थी, जिसका लक्ष्य माल गाड़ियों और सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस गड़ियों की औसत गति बढ़ाना था। रेल गाड़ियों की गति बढ़ाने का सतत् प्रयास रहता है और यह सतत् प्रक्रिया है, जो रेलपथ, सिगनल प्रणाली, ओएचई के उन्नयन, उच्च शक्ति वाले रेल इंजनों, आधुनिक सवारी डिब्बों आदि पर निर्भर करता है।

इस मिशन को प्राप्त करने के लिए मध्यावधि और दीर्घकालिक योजनाओं में अवसंरचनात्मक सुधार अर्थात तीसरी लाइन चौथी लाइन का निर्माण, बाईपास प्रदान करना, रेल फ्लाईओवर,

गाड़ियों में पर्याप्त अश्वशक्ति के इंजन की व्यवस्था, पारंपरिक रेलइंजन चालित गाड़ियों की जगह एमईएमयू चलाना, समय-सारणी में परिवर्तन और 1x25 किलोवॉट कर्षण प्रणाली को 2x25 किलोवॉट कर्षण प्रणाली में बदलना शामिल है।

भारतीय रेल में गति क्षमता बढ़ाने के लिए पिछले 11 वर्षों के दौरान रेलपथों का उन्नयन और सुधार कार्य बड़े पैमाने पर किया गया है। रेलपथ के उन्नयन के उपायों में 60 किलोग्राम की पटरियाँ, चौड़े आधार वाले कंक्रीट स्लीपर, मोटे वेब स्विच, वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग, लंबे रेल पैनल, एच-बीम स्लीपर, आधुनिक रेलपथ नवीनीकरण और अनुरक्षण मशीनें आदि शामिल हैं।

उपर्युक्त उपायों के परिणामस्वरूप, रेलपथ की गति क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 की तुलना में वर्ष 2026 में रेलपथ की गति क्षमता का ब्यौरा निम्नानुसार है।

खंडीय गति (किमी प्रति घंटा)	2014		2026 (फरवरी, 2026 तक)	
	रेलपथ किमी	%	रेलपथ किमी	%
130 और उससे अधिक	5,036	6.3	23,713	22.4
110-130	26,409	33.3	62,036	58.7
< 110	47,897	60.4	19,923	18.9
कुल	79,342	100	1,05,672	100

गति क्षमता को 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज के दो प्रमुख मार्गों अर्थात् नई दिल्ली-मुंबई और नई दिल्ली-हावड़ा पर कार्य शुरू किया गया है।

तमिलनाडु में 130 कि.मी. प्रति घंटे की गति क्षमता वाले खंड निम्नानुसार हैं:

- चेन्नै - अरम्बाक्कम (चेन्नै - गुडूर मार्ग)
- चेन्नै - अरक्कोणम - काटपाडी - जोलारपेट्टै
- अरक्कोणम - पोनपाडी (अरक्कोणम - रेणिगुंटा मार्ग)
- जोलारपेट्टै - पाचूर (जोलारपेट्टै- बेंगलुरु मार्ग)

******